# Pradhan Mantri Surakshit Matritva Abhiyaan

Launched in 2016, the Pradhan Mantri Surakshit Matritva Abhiyaan (PMSMA) reflects India's unwavering commitment in ensuring that every pregnant woman receives quality antenatal care and timely specialist support during pregnancy.

The programme is organized on the 9th day of every month as a dedicated day for comprehensive antenatal care services, enabling early identification and management of high-risk pregnancies and strengthening the journey towards safe motherhood. Over the past decade, PMSMA has evolved into a nationwide movement that has brought quality antenatal services closer to women and strengthened the continuum of care for mothers and newborns across the country.

The Commemorative Postage Stamp embodies care, protection and hope. The number "9" represents both the fixed day of service delivery under PMSMA and the nine months of pregnancy, reflecting the programme's commitment to supporting women throughout their maternal journey. The stamp pays tribute to the resilience of mothers and the dedication of doctors, nurses, Auxiliary Nurse Midwives (ANMs), Accredited Social Health Activists (ASHAs) and healthcare workers who work tirelessly to safeguard two lives at a time.

The Department of Posts proudly releases this Commemorative Postage Stamp marking ten years of Pradhan Mantri Surakshit Matritva Abhiyaan. The stamp honours a decade of collective commitment towards safe motherhood and celebrates the collective efforts that continue to make motherhood safer and give every newborn a healthier start to life.

**Credits:**

| | | |
|---|---|---|
| Stamp/FDC/Brochure/ Cancellation Cachet | : | Smt. Nenu Gupta |
| Text | : | Based on the content provided by the Proponent. |

भारतीय डाक
डाक सेवा-जन सेवा
India Post
Dak Sewa-Jan Sewa

डाक विभाग
Department of Posts

10 YEARS – A DECADE OF CARE

## A Decade of Promoting Safe Motherhood




## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
## Pradhan Mantri Surakshit Matritva Abhiyaan

विवरणिका BROCHURE

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

वर्ष 2016 में प्रारम्भ किया गया प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व देखभाल तथा समय पर विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराने के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

कार्यक्रम प्रत्येक माह की 9 तारीख को समर्पित दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है, जिसके अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को समग्र प्रसव–पूर्व देखभाल सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। इससे उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की समय पर पहचान एवं प्रबंधन सुनिश्चित होता है तथा सुरक्षित मातृत्व की दिशा में प्रयासों को बल मिलता है। पिछले एक दशक में पीएमएसएमए राष्ट्रव्यापी जन–आंदोलन के रूप में विकसित हुआ है, जिसने गुणवत्तापूर्ण प्रसव–पूर्व सेवाओं को महिलाओं के और निकट पहुँचाया है तथा देशभर में माताओं और नवजात शिशुओं के लिए निरंतर एवं समग्र देखभाल को सुदृढ़ किया है।

यह स्मारक डाक–टिकट देखभाल, संरक्षण और आशा का प्रतीक है। अंक ''9'' पीएमएसएमए के अंतर्गत प्रत्येक माह निर्धारित सेवा दिवस के साथ–साथ गर्भावस्था के नौ महीनों का भी प्रतिनिधित्व करता है, जो मातृत्व यात्रा के प्रत्येक चरण में महिलाओं के प्रति कार्यक्रम की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह डाक टिकट माताओं के धैर्य और साहस तथा दो अनमोल जीवनों की रक्षा हेतु निरंतर अथक कार्य करने वाले चिकित्सकों, नर्सों, एएनएम, आशा दीदी एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के समर्पण के प्रति कृतज्ञता अर्पित करता है।

डाक विभाग, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दस वर्ष पूर्ण होने पर स्मारक डाक–टिकट जारी करते हुए गौरव का अनुभव करता है। यह डाक–टिकट सुरक्षित मातृत्व के राष्ट्रीय संकल्प, माता एवं नवजात के स्वास्थ्य के प्रति सामूहिक समर्पण तथा स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान देने वाले सभी हितधारकों के प्रयासों के प्रति सम्मान का प्रतीक है।

**आभार:**

डाक टिकट/प्रथम दिवस आवरण/विवरणिका/विरूपण कैशे : श्रीमती नीनू गुप्ता

पाठ : प्रस्तावक द्वारा प्रदत्त सामग्री से संदर्भित

# तकनीकी आंकड़े

## TECHNICAL DATA

| | | |
|---|---|---|
| मूल्य | : | 500पैसे |
| Denomination | : | 500p |
| मुद्रित डाक टिकटें | : | 303060 |
| Stamps Printed | : | 303060 |
| मुद्रण प्रक्रिया | : | वेट ऑफसेट |
| Printing Process | : | Wet Offset |
| मुद्रक | : | प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद |
| Printer | : | Security Printing Press, Hyderabad |

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

©डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

©Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 15.00